प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में सात–दिवसीय विशेष शिविर आयोजित

पन्तनगर। 10 जनवरी 2025। विश्वविद्यालय में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात–दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डा. अवधेश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि समन्यवक, राष्ट्रीय सेवा योजना पन्तनगर डा. अभिषेक तोमर रहे। मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्र म अधिकारी डा. आशुतोष मिश्रा ने बताया कि यह विशेष शिविर द्वितीय वर्ष के 27 छात्रों द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसका मुख्य विषय "पर्यावरण संरक्षण" पर निर्धारित किया गया है, जिसमें सभी स्वंयसेवक बेनी बस्ती में पर्यावरण संरक्षण से सम्बंधित कार्य करेंगे तथा परस्पर वार्तालाप, नुक्कड़–नाटक, रैली इत्यादि के माध्यम से जागरूकता फैलायेगें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के प्रतिपूर्ति हेतु व्यवसायिक शिक्षा के साथ–साथ समाज सेवा करना भी अति आवश्यक है। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि आपका पहला कर्तव्य बौद्धिक विकास है परन्तु आपके अन्दर स्नेह, सहानुभूति, सहिष्णुता, समर्पण, सेवा जैसे भाव भी होने चाहिए तभी आपका समग्र विकास होगा। कार्य में उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार प्रकट किये तथा छात्रों से कहा कि आप विशेष शिविर के दौरान अपने विषय का ध्यान रखते हुए लोगों के बीच जागरूकता फैलाऐं। इस दौरान आपको अपने ग्रामीण समाज को समझने का मौका मिलेगा और उनकी कठिनाइयों से अवगत हो सकेगें। उन्होंने छात्रों के चरित्र निर्माण उदारता एवं समाज को समझने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी अंशिता निखरे तथा ज्योतसना जोशी ने किया। कार्यक्रम के दौरान डा. विपुल गुप्ता, डा. राजेश, डा. आकांक्षा खाती, श्री हरीश थापा, कु. यशश्वी धोनी, कु. रिया पंत, श्री शाश्वत जोशी, श्री रजनीश कुमार, श्री राज कन्नौजिया, कु. प्रिंयका, कु. सुदीक्षा बिष्ट एवं श्री हर्ष यादव इत्यादि उपस्थित थे।

शिविर में जानकारी देते अधिकारी।

निदेशक संचार